# हिन्दुस्तान

1936

सत्य - सार्थक - सटीक

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

29 जून 2026, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली


**PAGE NO 6 : BOTTOM**

# अहंकार, रिश्तों की जटिलता दिखाता है नाटक द प्रपोजल्स



एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक 'द प्रपोजल्स' का मंचन।

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम एंटोन चेखव के हास्य नाटकों पर आधारित नाटक द प्रपोजल्स का मंचन किया गया। अलीगढ़ की रंगसाज आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी की प्रस्तुति और जय सिंह के निर्देशन में हुए इस नाटक ने हास्य और व्यंग्य के माध्यम से मानवीय अहंकार, रिश्तों की जटिलताओं और प्रेम की अप्रत्याशित प्रकृति को दर्शाया।

■ अलीगढ़ की रंगसाज आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी की प्रस्तुति

नाटक में ऐसे पात्रों की कहानी दिखाई गई, जो अपने स्वभाव, जिद और पूर्वाग्रहों के कारण लगातार टकराते हैं। नाटक में माइकल डिसूजा की भूमिका जय सिंह, स्टीफन की भूमिका अनुज श्रीकृष्णा, नताल्या की भूमिका वंदना और आरजू सिद्दीकी, ल्यूका की भूमिका नकुल तथा स्मिरनोव की भूमिका फौजी ने निभाई। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति समेत अन्य लोग मौजूद रहे।